पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश बाल विकास परिषद की बैठक की अध्यक्षता की</u>

लखनऊः 11 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बाल विकास परिषद, श्री राम नाईक ने आज राजभवन में उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद की वार्षिक साधारण सभा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वार्षिक साधारण सभा की बैठक नियमित रूप से निर्धारित समय पर होनी चाहिए। परिषद द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर विचार करके निर्णय लें तथा उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। सभी सदस्यों को फोटोयुक्त पहचान पत्र देने तथा उत्तर प्रदेश बाल विकास परिषद में स्त्री रोग विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक, बाल रोग विशेषज्ञ आदि को जोड़ने के प्रस्ताव पर राज्यपाल ने कहा कि इस संबंध में कार्यकारिणी परिषद विचार करके निर्णय लेगी।

श्री नाईक ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सदस्यगण पूरी रूचि से कार्य करके संस्था को आगे बढ़ायें। जिला स्तर तक समितियों से समन्वय स्थापित करके परिषद के उद्देश्य के अनुरूप आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि परिषद अन्य प्रदेशों में चल रही बाल विकास योजनाओं की जानकारी लेकर तुलनात्मक दृष्टि से विश्लेषण करें ताकि उत्तर प्रदेश बाल विकास परिषद की उपादेयता बढ़ायी जा सके।

बैठक में 4 जनवरी, 2015 की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि, वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्यय लेखा का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में परिषद की महासचिव श्रीमती रीता सिंह ने परिषद द्वारा चलायी जा रही अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर, सचिव श्री चन्द्रप्रकाश सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये सदस्यगण भी उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (146/22)

'उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद'
की
'वार्षिक साधारण सभा'
की बैठक
सोमवार, 11 अप्रैल, 2016
लखनऊ